नई दिल्ली, बुधवार
28 सितंबर, 2022
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+10=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित 7
मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 8

नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघटा की पूजा की जाती है। माता को हल्का भूरा रंग पसंद है, तो इस दिन आप भी प्रयास करें कि माता को प्रसन्न रखने को हल्के भूरे रंग के वस्त्र पहनकर पूजन करें।

रियल एस्टेट सेक्टर को रफ्तार देगा नवरात्र के साथ फेस्टिवल सीजन

यशलोक सिंह ● गुरुग्राम

- रियल एस्टेट सेक्टर के दिग्गजों ने कहा कि उम्मीद से भरपूर है फेस्टिवल सीजन
- बढ़ी ब्याज दरों का नहीं पड़ेगा नकारात्मक असर, प्राप्टी को लेकर पूछताछ में तेजी

नवरात्र के साथ ही फेस्टिवल सीजन का शुभारंभ हो गया है। इसके साथ ही रियल एस्टेट सेक्टर की उम्मीद भी बढ़ गई है। इस सेक्टर के दिग्गजों का कहना है कि प्रापर्टी बाजार में भरपूर तेजी आएगी। पिछले वर्ष के फेस्टिवल सीजन की तुलना में इस बार प्रापर्टी बाजार में 30 प्रतिशत अधिक उछाल आएगा। इनका यह भी मानना है कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा बढ़ाई गई ब्याज दर का घरों की खरीद पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ने वाला है। प्रापर्टी को लेकर पूछताछ की गति तेज हुई है। बुकिंग की भी शुरुआत हो चुकी है। डेवलपर्स की ओर से बुकिंग पर आकर्षक आफर और डिस्काउंट भी प्रदान किए जा रहे हैं।

अंसल हाउसिंग के डायरेक्टर, कुशाग्र अंसल का कहना है कि नवरात्र से कोई भी नई चीज की खरीदारी को विशेष महत्व हमारे समाज में है। इस बार इस बात की पूरी उम्मीद है कि रियल एस्टेट बाजार में भारी उत्साह का वातावरण रहेगा।

रहेजा डेवलपर्स के नयन रहेजा का कहना है कि डेवलपर्स की ओर से ग्राहकों को दिए जा रहे आफर और डिस्काउंट प्रापर्टी बाजार में रौनक लाएंगे। नवरात्र से लेकर दीपावली तक का समय रियल एस्टेट बाजार को बड़ी गति देने जा रहा है। इनका कहना है कि कोविड-19 महामारी का असर अब काफी कम हो चुका है एनसीआर क्षेत्र में किराए पर रहने वाले लोग अपना घर चाहते हैं। उनकी यही इच्छा रियल एस्टेट सेक्टर को गतिशील बनाने का काम कर रही है। वाटिका लिमिटेड के जनरल मैनेजर (सेल्स) विनय वाधवा का कहना है कि फेस्टिवल सीजन में लोग अच्छी जगह पर निवेश करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होते हैं।

पिछले एक साल से रियल एस्टेट बाजार में उछाल देखा जा रहा है। ब्याज दर में वृद्धि का बाजार पर कोई विपरीत असर नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के फेस्टिवल सीजन में घरों की बिक्री में 30 प्रतिशत तक का उछाल आएगा। अधिकतर ग्राहक निर्माणाधीन घरों की खरीद की ओर उत्साहित दिख रहे हैं।

मनोज गौड़, अध्यक्ष, क्रेडाई एनसीआर

पूरी उम्मीद है कि फेस्टिवल सीजन रियल एस्टेट बुकिंग में बड़ा उछाल लेकर आएगा। कोविड-19 महामारी का असर कम होने के बाद से अर्थव्यवस्था ने गति पकड़ी है। अब इसका सकारात्मक असर बाजार में दिखाई देगा। डेवलपर्स इस अवसर का लाभ उठाने के लिए बुकिंग पर छूट, उपहार, वाउचर और लचीली भुगतान सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

संदीप कटपालिया, सीईओ, 3 होराइजन प्राइवेट लिमिटेड

फेस्टिवल सीजन हमेशा से ही प्रापर्टी खरीद के लिए शुभ माना जाता रहा है। रियल कंपनियों की ओर से खरीदारों को आकर्षित करने को कई प्रकार के आफर और डिस्काउंट दिए जा रहे हैं। मुफ्त कार पार्किंग, वाउचर और कूपन इसमें शामिल हैं। अफोर्डेबल हाउसिंग के साथ-साथ मिड बजट हाउसिंग में छूट दी जा रही है। निश्चित रूप से फेस्टिवल सीजन इस सेक्टर के लिए सकारात्मक होगा।

प्रदीप अग्रवाल, अध्यक्ष, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड